Form No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत न्यायालय सहायक कलक्टर कपासन		मुकाम राजीव गांधी सेवा केन्द्र सिंहपुर
गोविन्दसिंह	बनाम	हंसराज
किस्मा मुकदमा राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट0	नं0 61	सन 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26.06.2023	वकील प्रार्थी ने आज दिनांक को प्रशासन गांवों के संग अभियान 2023 में राजीव गांधी सेवा केन्द्र सिंहपुर में हाजिर होकर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट का प्रस्तुत कर बहस एक तरफा बाबत् निवेदन किया जो स्वीकार किया जाकर बहस सुनी गई। जिसमें वकील प्रार्थी ने बताया की मामला पत्थरगढ़ी का है, जिसमें प्रार्थी अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी/सीमांकन कराना चाहते है, वकील प्रार्थी ने बताया कि मौजा कांकरिया पटवार हल्का हिंगोरिया तहसील कपासन मे स्थित खाता संख्या 270 के हाल आराजी संख्या 784 रकबा 0.13 हैक्ट0 कुल किता 01 कुल रकबा 0.13 हैक्ट0, तथा खाता संख्या 32 में दर्ज आराजी संख्या 775 0.13 हैक्ट0, आराजी संख्या 786 रकबा 0.15 हैक्ट0 कुल रकबा 0.13 हैक्ट0, आराजी संख्या 786 रकबा 0.15 हैक्ट0 कुल किता 02 कुल रकबा 0.28 हैक्ट0 कृषि भूमि के प्रार्थी खातेदार काश्तकार है, प्रार्थी अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी/सीमांकन कराना चाहता है। चूंकि पक्षकारान के आराजीयात के मध्य निशानात नहीं होने से प्रार्थी व अप्रार्थीगण के मध्य विवाद बना रहता है, अप्रार्थीगण प्रार्थी की आराजीयात में अन्दर घुस जाते है व घुसने का प्रयास करते है। जिससे पत्थरगढ़ी/सीमांकन कराया जाना आवश्यक है। सबुत में हाल जमाबन्दी की नकल पेश की है। अतः प्रार्थी की आराजीयात की पुख्ता पत्थरगढ़ी कराये जाने का आदेश फरमाया जावें। हमने पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया व वकील प्रार्थी को सुना। प्रार्थी अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी/सीमांकन कराना चाहते है, जिससे पक्षकारान के मध्य हमेशा विवाद नहीं रहें व विवाद समाप्त हो जावें। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा मौजा कांकरिया पटवार हल्का हिंगोरिया तहसील कपासन मे स्थित खाता संख्या 270 के हाल आराजी संख्या 784 रकबा 0.13 हैक्ट0 कुल किता 01 कुल रकबा 0.13 हैक्ट0, तथा खाता संख्या 32 में दर्ज आराजी संख्या 775 रकबा 0.13 हैक्ट0, आराजी संख्या 786 रकबा 0.15 हैक्ट0 कुल किता 02 कुल रकबा 0.28 हैक्ट0 कृषि भूमि की फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में कब्जे में बिना किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किये व किसी प्रकार का विवाद न हो तो एवं मौके पर फसल खड़ी न हो तो बन्दोबस्त नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन/पत्थरगढ़ी किया जावे एवं पर्चा मौका एवं मौका नक्शा 15 दिवस में प्रस्तुत करे। सीमांकन (पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार कपासन को 1000/- रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थी से मौके पर प्राप्त करें। तहसीलदार कपासन को तहरीर जारी करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर मजमेआम में सुनाया गया।	(अर्चना बुगालिया) उपखण्ड अधिकारी, कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, कपासन जिला-चित्तौड़गढ़

Signature Not Verified
Digitally signed by Archana Bugalia
Date: 2024.03.02 17:42:59 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official